लोक सभा अध्यक्ष ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 4 अक्तूबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने सन्देश में, श्री बिरला ने कहा: "मेरे प्यारे देशवासियों, आप सभी को दशहरा की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। असत्य पर सत्य और बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत का यह पर्व हम सब को नई प्रेरणा देता है। भारत के अंदर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग पर्व समाज को सामूहिकता से जोड़ने का कार्य करते हैं। दशहरा का पर्व जहां त्याग और सदाचार पर चलने की प्रेरणा देता है वहीं हमारे जीवन में नकारात्मकता को भी समाप्त करने का भी पर्व है। भगवान राम की कृपा हम सब पर इसी तरह बनी रहे। हम धर्म को अपनाकर व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में सत्य के मार्ग पर चलें। आप सभी को दशहरा की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।"